
# इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं : आमिर

बॉलीवुड स्टार और फिल्मकार आमिर खान का कहना है कि वह इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2025 का हिस्सा बनकर बेहद खुश हैं.

इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2025 की शुरुआत भव्य प्रेस कॉन्फ्रेंस के साथ हुई, जिसमें बॉलीवुड के आमिर खान ने अपने इस साल के आईएफएफएम का हिस्सा बनने को लेकर उत्साह जताया.

इस मौके पर आमिर खान के साथ वीर दास, तिलोत्तमा शोम, जिम सर्भ, अदिति राव हैदरी, जयदीप अहलावत, जाने-माने फिल्ममकार शूजीत सरकार, अश्विनी अय्यर तिवारी, आर.एस. प्रसन्ना (निर्देशक सितारे ज़मीन पर), गायिका लिसा मिश्रा और मशहूर कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा मौजूद थे.इसके अलावा बख्शो बॉन्डी फिल्म की टैलेंटेड डायरेक्टर तनुश्री दास और उनकी टीम के कलाकार भी मौजूद रहे, क्योंकि यह फिल्म फेस्टिवल की ओपनिंग नाइट फिल्म के तौर पर पेश की जा रही है.



इस अवसर पर आमिर खान ने कहा, मेलबर्न आकर बहुत अच्छा लग रहा है. इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न का हिस्सा बनकर मैं बेहद खुश हूं. यह सिनेमा का एक बेहतरीन मंच है जो लोगों और संस्कृतियों को जोड़ता है. मुझे यकीन है कि इस फेस्टिवल में शामिल होने वाले सभी फिल्में और फिल्मकार एक शानदार अनुभव लेकर जाएंगे.

फेस्टिवल डायरेक्टर मीतू भोमिक लांगे ने अपनी खुशी जताते हुए कहा, हर साल आईएफएफएम अद्भुत कहानियों, बेहतरीन प्रतिभाओं और सिनेमा के उस जुनून को एक मंच पर लाता है जो सीमाओं से परे है. भारतीय सिनेमा की प्रेरणादायक आवाज़ों का मेलबर्न में शानदार मिलन हुआ है. हमें गर्व है कि हम आमिर खान जैसे दिग्गज, शूजीत सरकार और अश्विनी अय्यर तिवारी जैसे कहानीकार, और ऐसे कलाकारों की मेज़बानी कर रहे हैं जिनका अभिनय दुनियाभर के दर्शकों को छू जाता है. इस साल का कार्यक्रम, जिसकी शुरुआत बख्शो बॉन्डी के साथ हो रही है, रचनात्मकता, विविधता और सिनेमा की बेहतरीन मिसाल है. विक्टोरियन सरकार के समर्थन और इतने प्रतिष्ठित मेहमानों की मौजूदगी इस फेस्टिवल को न सिर्फ एक सांस्कृतिक उत्सव बनाती है, बल्कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के रिश्तों को मजबूत करने वाला पुल भी है.

## सारा खान ने की फिल्म निशानची और स्टारकास्ट की तारीफ

**बॉलीवुड** अभिनेत्री सारा अली खान ने फिल्म निशानची और उसकी स्टारकास्ट की तारीफ की है.

अमेजन एमजीएम स्टूडियोज इंडिया ने अपनी आने वाली फिल्म निशानची के फर्स्ट लुक से पहले ही हलचल मचा दी है. एक्शन, ड्रामा और कॉमेडी के तड़के से भरपूर ये फर्स्ट लुक एक दमदार, रोमांचक कहानी का वादा करता है जिसमें हंसी के भी खूब मौके होंगे. कहानी दो भाइयों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दिखने में एक जैसे हैं लेकिन सोच और दुनिया में बिल्कुल अलग. उनकी ज़िंदगी में किए गए फैसले ही उनकी किस्मत तय करते हैं.

सारा अली खान ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी दोस्त वेदिका पिंटो और उनकी आने वाली फिल्म निशानची के लिए खूब प्यार जताया है. फिल्म के टीजर रिलीज़ होने के बाद सारा ने टीजर का एक क्लिप शेयर करते हुए इसकी जमकर तारीफ की.सारा ने न सिर्फ फिल्म के टीजर की तारीफ की बल्कि लीड स्टार वेदिका के ऑन-स्क्रीन चार्म की भी खूब सराहना की है. उन्होंने लिखा, लगभग एक हफ्ता हो गया है और मैं अब तक इस पर फिदा हूं! क्या प्रेज़ेंस है यार मेरी वेदूज पटाखा हो तुम. दिल और रॉकेट इमोजी के साथ सारा की ये पोस्ट वेदिका के लिए एक प्यारा सा शाउट-आउट था, जिसमें उन्होंने अपनी दोस्त की दमदार मौजूदगी का खुलकर जश्न मनाया है.



अनुराग कश्यप के निर्देशन में बन रही निशानची एक दमदार मसाला एंटरटेनर साबित होने वाली है. फिल्म में एक्शन, ड्रामा और तड़केदार डायलॉग्स का जबरदस्त कॉम्बिनेशन देखने को मिलेगा. खास बात है इसकी लीड जोड़ी ऐश्वर्य ठाकरे और वेदिका पिंटो की क्रैकलिंग केमिस्ट्री, जो इसे और भी खास बनाती है.

यह फिल्म ऐश्वर्य ठाकरे के दमदार एक्टिंग डेब्यू को मार्क करती है, जिसमें वो हाई-ऑक्टेन डबल रोल में नजर आएंगे. उनके साथ वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, मोहम्मद जीशान अयूब और कुमुद मिश्रा जैसे पावरफुल एक्टर्स अहम किरदार निभा रहे हैं. फिल्म निशानची को अजय राय और रंजन सिंह ने जार पिक्चर्स के बैनर तले, फ्लिप फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है.

## हेमा मालिनी ने हर घर तिरंगा मुहिम को लेकर लोगों से की ये अपील

बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी ने लोगों से गुजारिश की है कि वह स्वतंत्रता दिवस के मौके पर %हर घर तिरंगा% मुहिम में हिस्सा लें. हेमा मालिनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपना एक वीडियो शेयर किया है. वीडियो में उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की अहमियत के बारे में बताया है. उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानी को भी याद किया है.हेमा मालिनी को वीडियो में ये कहते हुए सुना जा सकता है. आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की बहुत-बहुत बधाई. स्वतंत्रता दिवस हम सब के लिए राष्ट्र के प्रति निष्ठा और कर्तव्य के संकल्प को दोहराने का अवसर होता है. साथ ही देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले महान लोगों को नमन करने और उनसे सीख लेने का भी मौका होता है. शोले अभिनेत्री ने आगे कहा स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर हम सब हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेते हुए राष्ट्रवाद का जश्न मनाएं और भारत को विश्व में सबसे आगे ले जाने के अपने संकल्प को दोहराएं. वंदे मातरम .आजादी के अमृत महोत्सव के तत्वाधान में शुरू किया गया हर घर तिरंगा अभियान अब अपने चौथे संस्करण में है. यह एक जन आंदोलन के रूप में विकसित हो गया है.





## गैंगस्टर के साथ काम कर चुकी हैं भाग्यश्री

भाग्यश्री ने खुलासा किया कि उन्होंने एक बार एक असली गैंगस्टर के साथ काम किया था, जिस पर 20 से ज्यादा हत्याओं का आरोप था. यह अनुभव उनकी एक तेलुगु फिल्म के दौरान हुआ. उस दौरान वह बहुत डर गई थीं.

भाग्यश्री ने बताया कि वह शुरू में उस गैंगस्टर के साथ काम करने से बहुत डर रही थीं. फिल्म की कहानी अपराधियों के निजी जीवन पर आधारित थी और सरकार की अनुमति से उस गैंगस्टर को जेल से शूटिंग के लिए लाया गया था. भाग्यश्री ने इसमें एक पत्रकार का किरदार निभाया, जो यह दिखाना चाहती थी कि कोई व्यक्ति जन्म से अपराधी नहीं होता, बल्कि परिस्थितियां उसे अपराधी बनाती हैं.भाग्यश्री ने बताया कि सेट पर जब उन्हें गैंगस्टर के आने की खबर मिली, तो वह घबरा गईं. गैंगस्टर भगवा कपड़े और गले में कई जंजीरें पहने हुए था और उसके साथ 10-12 अंगरक्षक थे. जब उसने भाग्यश्री से कहा, मैं तुम्हें बहुत पसंद करता हूं तो वह और डर गईं. लेकिन बाद में, जब गैंगस्टर ने बताया कि उसकी बहन भाग्यश्री जैसी दिखती है, तो उन्हें राहत मिली.भाग्यश्री ने 1989 में अपनी पहली फिल्म मैंने प्यार किया से बॉलीवुड में धमाकेदार शुरुआत की थी. उसी साल उन्होंने हिमालय दासानी से शादी की. हालांकि, अब वह लंबे समय से फिल्म इंडस्ट्री से दूर हैं.

## ट्विस्ट और सरप्राइज़ को साझा न करें : ऋतिक- एनटीआर



परस्टार ऋतिक रोशन और एनटीआर ने एक विशेष संदेश जारी कर प्रशंसकों, मीडिया और दर्शकों से अनुरोध किया है कि वे वॉर 2 की कहानी के अहम मोड़, ट्विस्ट और सरप्राइज़ को सोशल मीडिया या किसी भी सार्वजनिक मंच पर साझा न करें, जिससे फिल्म का रोमांच बड़े पर्दे पर ही महसूस किया जा सके.

अयान मुखर्जी निर्देशित फिल्म वॉर 2 को ऋतिक और एनटीआर ने 'बेहद प्यार और जुनून' से बनाया है. दोनों का कहना है कि यह एक सिनेमाई स्पेक्टेकल है जिसे सिर्फ सिनेमाघरों में ही अनुभव करना चाहिए. ऋतिक रोशन ने कहा, वॉर 2 को बहुत प्यार, समय और पैशन के साथ बनाया गया है. इस ड्रामेटिक कहानी के लगातार आने वाले ट्विस्ट और टर्न्स को थिएटर में अपनी आंखों के सामने देखना ही इसका असली अनुभव है. मेरा सभी मीडिया, दर्शक, फैंस से निवेदन है,कृपया किसी भी कीमत पर हमारे स्पॉयलर्स की रक्षा करें. एनटीआर ने कहा, जब कोई दर्शक थिएटर में वॉर 2 देखने आए, तो उसे वही खुशी, रोमांच और मनोरंजन महसूस हो जो आपने इसे पहली बार देखते हुए किया था. स्पॉयलर्स का कोई मज़ा नहीं है और यह फिल्म देखने के अनुभव को बहुत प्रभावित करता है.

## पापोन का संगीत गीतू के जीवन में एक राहत भरा स्पर्श बन गया



**जानेमाने** गायक पापोन ने अपने प्रशंसक गीतू की उनके जीवन के सबसे कठिन दौर में मदद की.

पापोन की भावपूर्ण आवाज़ लंबे समय से दुनिया भर के श्रोताओं के दिलों में गूंजती रही है, लेकिन कई लोगों के लिए, यह सिर्फ संगीत से कहीं बढ़कर है.यह सुकून और प्रेरणा का स्रोत है. हाल ही में, यह जुड़ाव एक प्रशंसक, गीतू द्वारा इंस्टाग्राम पर साझा की गई एक भावुक पोस्ट में झलका, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे पापोन के गीतों ने उनके जीवन के सबसे कठिन दौर में उनकी मदद की.

जून में, गीतू को गंभीर स्वास्थ्य समस्या के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उन्हें पापोन साथ भूमि 2025 में प्रस्तुति देने का अपना सपना छोड़ना पड़ा. अपनी पोस्ट में, उन्होंने लिखा कि उन्होंने अपने गुरुओं से कहा था कि वह ठीक से चल न पाने के बावजूद, सिर्फ़ उस कलाकार से मिलने के लिए कार्यक्रम में शामिल होंगी जिसका संगीत उनके लिए बहुत मायने रखता है.

## आज़ादी, हिम्मत और फिल्मी शान

**इस** स्वतंत्रता दिवस, सिर्फ झंडा लहराने से काम नहीं चलेगा. आइए उन कहानियों में डूब जाएं जो हमारे देश की हिम्मत, बलिदान और अटूट जज़्बे को दिखाती हैं. साहसिक मिशन से लेकर सच्ची वीर कहानियों तक, टाटा प्ले बिंज देशभक्ति से भरपूर और ड्रामा से लबालब एक खास लाइनअप ला रहा है हाउज़ द जोश? हमेशा की तरह ऊँचा! आदित्य धर की ब्लॉकबस्टर फिल्म भारत के वर्ष 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक की सच्ची कहानी को रोमांचक अंदाज़ में पेश करती है. एयरलिफ्टअक्षय कुमार की मुख्य भूमिका वाली यह रोमांचक और भावुक फिल्म, इतिहास के सबसे बड़े नागरिक बचाव अभियान की सच्ची कहानी पर आधारित है. इंडियन पुलिस फोर्स एक्शन के महारथी रोहित शेट्टी की यह धमाकेदार सीरीज़ दिल्ली के स्पेशल पुलिस ऑफिसर्स की ज़िंदगी को बयां करती है, जो एक बड़े आतंकी खतरे का डटकर सामना करते हैं. सैम बहादुर विक्की कौशल इस दमदार बायोपिक में मशहूर फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का किरदार निभाते हैं.

### इस प्लेटफॉर्म की सारी सेवाएं फ्री में मिलेंगी

जियो हॉटस्टार अपनी कहानियों को देश को सम्मान देने में बदल रहा है, जहां दर्शकों का स्वागत भारत के रंगों और भावना से भरे स्प्लैश स्क्रीन से किया जाएगा. नया डिज़ाइन ऐसा माहौल बनाएगा, जिसमें भारत के साहस और चरित्र को सलाम करने वाली चुनिंदा कहानियों का खास संग्रह होगा. साहस, बलिदान और राष्ट्रीय पहचान की कहानियों के साथ इसकी शुरुआत होती. तिरंगे के रंगों से प्रेरणा लेते हुए इस लाइन-अप में केसरिया, सफ़ेद और हरे रंग से जुड़ी कुछ ख़ास फ़िल्मों की सौगात होगी. इसमें केसरिया रंग बहादुरी और गुप्त वीरता की कहानियों से जोड़ा गया है, जिसमें टेक ऑफ, मद्रास कैफ़े और आईबी 71 जैसी फिल्में है. इस पेशकश की शुरुआत बहुप्रतीक्षित जासूसी थ्रिलर सलाकार से होगी, जो बहादुरी, बलिदान और राष्ट्रीय पहचान की गहराईयों को दिखाने वाली कहानियों का माहौल तय करेगी. सफ़ेद रंग को त्याग और हिम्मत की भावनाओं से भरी कहानियों के रूप में दिखाया जाएगा, जैसे नीरजा, मंगल पांडे- द राइजिंग और चंद्रशेखर जैसी फिल्में. हरा रंग हमारी सांस्कृतिक विरासत और गर्व से जुड़ी कहानियों में नजर आएगा जैसे सरज़मीन, केसरी 2 और एयरलिफ्ट फिल्में आदि.


### जॉन अब्राहम की तेहरान का भव्य प्रदर्शन

स्वतंत्रता दिवस से पहले, मुंबई का मशहूर बांद्रा-वर्ली सी लिंक, जॉन अब्राहम की बहुप्रतीक्षित थ्रिलर तेहरान के शानदार पोस्टर से जगमगा उठा . ज़ी5 पर फिल्म की रिलीज़ से एक दिन पहले यह नज़ारा देखने लायक था—जिसने वहां से गुजरने वालों और राहगीरों को रुकने पर मजबूर कर दिया, और सबने अपने फोन निकालकर इस नज़ारे की तस्वीरें खींचीं. जब सी लिंक मुंबई के रात के अँधेरे में रोशनी से चमका, तो यह एक ऐसा पल बन गया, जहां राष्ट्रीय गर्व और फिल्मी नज़ारे का अनोखा मेल देखने को मिला— एक ऐसा अनुभव जो खुशी और रोमांच से भरा था. इस मौके पर मौजूद जॉन अब्राहम ने इसे गौरव और यादगार पल बताया और कहा कि तेहरान का हिस्सा बनना उनके लिए एक शानदार अनुभव रहा है.डॉक फिल्म्स के बैनर तले बनी और अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में मानुषी छिल्लर, नीरू बाजवा और मधुरिमा तुली भी अहम भूमिकाओं में नज़र आयेंगे. वफ़ादारी, हौसले, भव्यता, एक्शन और रहस्य जैसे विषयों से भरपूर तेहरान स्वतंत्रता दिवस पर देखने के लिए एकदम सही फिल्म है, यह एक ऐसा रोमांचक अनुभव प्रदान करता है जो दर्शकों को अंतिम फ्रेम तक बांधे रखता है.

## एक्शन मोड में आए शिल्पा शेट्टी-राज कुंद्रा

**बॉलीवुड** की मशहूर अदाकारा शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा पर फिर एक बार कानूनी शिकंजे में पद गए हैं. दोनों पर पर मुंबई के एक बिजनेसमैन के साथ धोखाधड़ी के मामले में केस दर्ज हुआ है. एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर 60 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है. कपल पर मुंबई के ही एक बिजनेसमैन के साथ 60 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप हैं. क्योंकि ये मामला 10 करोड़ से ज्यादा का है तो इस केस को इकोनॉमिक ऑफेंस विंग को सौंप दिया गया था. जुहू पुलिस स्टेशन में कपल के खिलाफ केस दर्ज कराया गया. शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ 60 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला 60 साल के दीपक कोठारी ने दर्ज कराया है. बता दें कि दीपक कोठारी, लोटस कैपिटल फाइनेंशियल सर्विस के डायरेक्टर हैं.पहले मामला जुहू पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी और जालसाजी के तहत दर्ज हुआ. चूंकि रकम 10 करोड़ से ज्यादा थी.





## धर्मा प्रोडक्शन्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री ने मिलाया हाथ

करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन्स फिल्म मिराई के हिंदी भाषी बाज़ार के लिये पीपल मीडिया फैक्ट्री के साथ साझेदारी करेगी.

पीपल मीडिया फैक्ट्री की बहुप्रतीक्षित फिल्म मिराई, जिसमें तेजा सज्जा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, लगातार सुर्खियों में बनी हुई है. दमदार पोस्टर्स से लेकर रोमांचक टीज़र तक, और 'वाइब है बेबी' गाने तक हर झलक दर्शकों की जिज्ञासा और उत्साह को नई उंचाइयों पर ले जा रही है. यह फिल्म 05 सितंबर 2025 को विश्वभर के सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी.करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शन्स मिराई के हिंदी भाषी बाज़ार में पीपल मीडिया फैक्ट्री के साथ साझेदारी करेगी.

करण जौहर ने कहा,जब हमने मिराई के अद्भुत दृश्य, भव्य पैमाना और दमदार कहानी देखी, तो हमें पता चल गया कि यह एक ऐसी फिल्म है जो सबसे व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुँचनी चाहिए. यह जनप्रियता और दृश्य कला का दुर्लभ संगम है. हमें गर्व है कि हम पीपल मीडिया फैक्ट्री के साथ मिलकर इस फिल्म को पूरे भारत के हिंदी भाषी दर्शकों तक पहुंचा रहे हैं.

पीपल मीडिया फैक्ट्री के निर्माता टी.जी. विश्व प्रसाद ने कहा, हमें खुशी है कि धर्मा प्रोडक्शन्स मिराई के हिंदी बाज़ार में हमारे साथ जुड़ रही है. उनकी बेजोड़ विरासत और देशव्यापी प्रभाव उन्हें इस सफर का सबसे उपयुक्त साझेदार बनाता है. मिराई एक हाई-ऑक्टेन सिनेमाई अनुभव है, जो एक्शन और भारतीय संस्कृति को साथ लाता है.

## सुष्मिता सेन ने डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात का खुलासा किया

**सुष्मिता** सेन, 1994 की मिस यूनिवर्स, ने हाल ही में अपने अनुभवों के बारे में बात की जब वह 2010 से 2012 तक मिस इंडिया यूनिवर्स की फ्रेंचाइज़ी होल्डर थीं. इस दौरान, मिस यूनिवर्स ऑर्गेनाइज़ेशन का स्वामित्व डोनाल्ड ट्रम्प के पास था. सुष्मिता ने बताया कि यह काम चुनौतीपूर्ण था, हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि डोनाल्ड ट्रम्प उनके प्रत्यक्ष बॉस नहीं थे. उनकी भूमिका फ्रैंचाइज़ी होल्डर की थी, जिसके कारण उनका ट्रम्प संगठन से जुड़ाव और उनसे कुछ मुलाकातें हुईं. सुष्मिता ने ट्रम्प के बारे में विस्तार से बात करने से परहेज किया, केवल इतना कहा कि यह अनुभव यादगार नहीं रहा.मिस यूनिवर्स ऑर्गनाइजेशन ने मुझसे संपर्क किया और पूछा, क्या आप इस फ्रैंचाइजी को लेना चाहेंगी? यह बात सुन कर मैं चौंक गई, मैंने कहा सच में? मुझे यह किसी सपने जैसा लग रहा था! मैंने उस फ्रैंचाइजी को लेने के लिए एक बहुत ही कठिन अनुबंध पर हस्ताक्षर किए. उस समय इसके मालिक डोनाल्ड ट्रम्प थे. उस वक्त चीजें न तो आसान थीं और न ही मजेदार.



## बिपाशा को मृणाल ने बताया था मर्दाना

**सोशल** मीडिया पर आए दिन कोई ना कोई वीडियो वायरल होता रहता है. इन दिनों सन ऑफ सरदार 2 एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर का एक पुराना वीडियो चर्चा का हिस्सा बना हुई है. ये वीडियो तब का है, जब मृणाल अपना पहला टीवी शो कुमकुम भाग्य कर रही थीं. तब मृणाल ने बिपाशा बसु की बॉडी पर कमेंट किया था और उनकी खूब आलोचना की थी.

ऐसे में अब बिपाशा बसु बुरी तरह से भड़क गई है और उन्होंने इसे लेकर अपना रिएक्शन दिया है. मृणाल ठाकुर का वीडियो वायरल होने के बाद हाल ही में बिपाशा बसु ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर की. जिसमें एक्ट्रेस ने लिखा- मजबूत महिलाएं एक-दूसरे को ऊपर उठाती हैं. एक्ट्रेस ने आगे कहा- सभी खूबसूरत महिलाएं अपनी मांसपेशियों को मजबूत बनाइए.. हम सबको स्ट्रांग होना चाहिए. मसल्स आपके शरीर और आपके दिमाग को अच्छा बनाती हैं. इस पुरानी सोच को दिमाग से निकाल दीजिए कि महिलाएं मजबूत या शारीरिक रूप से मजबूत नहीं होनी चाहिए. बता दें, इस दौराम बिपाशा ने किसी का नाम मेंशन नहीं किया. लेकिन मृणाल के एक्ट्रेस की बॉडी पर कमेंट करने के बाद ही बिपाशा ने ये पोस्ट किया है.दरअसल, वायरल हो रहे वीडियो में मृणाल के को-स्टार उनसे कहते है कि वो बिपाशा को आइडलाइज करते हैं. इसके बाद मृणाल जवाब में कहती हैं- क्या तुम एक ऐसी लड़की से शादी करना चाहते हो जो मर्दाना दिखती है? जाओ, कर लो बिपाशा से शादी. लेकिन उनकी मांसपेशियां मर्दाना टाइप दिखाई देती हैं.

